2019

# HINDI
## (First Language)

**Time – 3 Hours 15 Minutes**

*(First 15 minutes for reading the question paper only)*

**Full Marks – 90** For Regular Candidates
**Full Marks – 100** For External Candidates

*Special credit will be given for answers which are brief and to the point. Marks will be deducted for spelling mistakes, untidiness and bad handwriting.*

केवल 2019 वर्ष में प्रथम बार सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों एवं वर्ष 2017 व 2018 में प्रथम बार परीक्षा में अनुत्तीर्ण (कान्टीनुइंग, कम्पार्टमेन्टल, बाह्य कम्पार्टमेन्टल एवं ई.डब्ल्यू.) परीक्षार्थियों के लिए।

## NEW SYLLABUS
## नवीन पाठ्यक्रम

1. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए। 1×17=17

(i) 'आत्मत्राण' किस विधा की रचना है ?

(क) कहानी
(ख) कविता
(ग) उपन्यास
(घ) निबंध

[Turn over.



(ii) बच्चन जी भारत सरकार के किस विभाग में हिन्दी विशेषज्ञ थे ?

(क) कला एवं संस्कृत विभाग
(ख) राजभाषा विभाग
(ग) विदेश मंत्रालय
(घ) निर्वाचन विभाग

(iii) दिनकर को भारत सरकार की ओर से कौन-सा पुरस्कार मिला ?

(क) कबीर सम्मान
(ख) पद्मभूषण
(ग) साहित्य-रत्न
(घ) भारत-रत्न

(iv) माँ जेन्को को क्या कहकर बुलाती ?

(क) जेनिया
(ख) चेंजलिंग
(ग) जुगनू
(घ) जामिया

(v) 'चिल्लर' का अर्थ क्या है ?

(क) छुट्टे पैसे
(ख) रूपये
(ग) खोटा सिक्का
(घ) इनमें से कोई नहीं

(vi) लपटन साहब की राष्ट्रीयता थी —

(क) भारतीय

(ख) जर्मन

(ग) अंग्रेज

(घ) सिक्ख

(vii) गुरूत्वाकर्षण की खोज किसने की ?

(क) हेली ने

(ख) न्यूटन ने

(ग) आम्रोई ने

(घ) किसी ने नहीं

(viii) हेली का धूमकेतु पुनः पृथ्वी और सूर्य के समीप कब आयेगा ?

(क) 2020 ई. में

(ख) 2042 ई. में

(ग) 2051 ई. में

(घ) 2062 ई. में

(ix) अमीरुद्दीन का जन्म कहाँ हुआ था ?

(क) पटना

(ख) मुजफ्फरपुर

(ग) डुमराँव

(घ) समस्तीपुर





(x) 'भम्बल दा को मैंने काफी करीब से देखा है।' — यह कौन-सा वाक्य है ?

(क) सरल वाक्य

(ख) मिश्र वाक्य

(ग) संयुक्त वाक्य

(घ) इनमें से कोई नहीं

(xi) जहाँ अलग होने का बोध हो उसे कहते हैं —

(क) कर्ता कारक

(ख) करण कारक

(ग) कर्म कारक

(घ) अपादान कारक

(xii) दो पदों के मेल को कहते हैं —

(क) प्रत्यय

(ख) समास

(ग) संधि

(घ) उपसर्ग

(xiii) 'प्रतिमाह' में कौन-सा समास है —

(क) अव्ययीभाव

(ख) द्वन्द्व

(ग) द्विगु

(घ) कर्मधारय

(xiv) उत्पत्ति के आधार पर शब्द के भेद होते हैं —

(क) 3

(ख) 4

(ग) 5

(घ) 6

(xv) 'चुन-चुन' शब्द में कौन-सा समास है ?

(क) बहुव्रीहि

(ख) कर्मधारय

(ग) द्वन्द्व

(घ) अव्ययीभाव

(xvi) अपादान कारक की विभक्ति क्या है ?

(क) ने

(ख) को

(ग) के लिए

(घ) से

(xvii) अंशुमाली सामासिक पद में समास है —

(क) तत्पुरूष

(ख) द्विगु

(ग) बहुव्रीहि

(घ) द्वन्द्व





2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **उन्नीस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (अधिकतम 20-25 शब्दों में) 1×19=19

(i) रैदास ने किसे सारहीन तथा निरर्थक बताया है ?

(ii) कवि कब ईश्वर पर संशय न होने की प्रार्थना करता है ?

(iii) प्रतिक्षण किसका गंभीर गर्जन कुरूक्षेत्र में गूँज रहा था ?

(iv) रामदास की हत्या हो जाने के बाद लोग किसे बुलाने लगे ?

(v) नौरंगिया देवी-देवता को क्यों नहीं मानती थी ?

(vi) रंगय्या की सारी आशाएँ किस पर टिकी हुई थी ?

(vii) लड़की की कुड़माई होने की बात सुनकर लड़के पर क्या प्रभाव पड़ा ?

(viii) किसकी साँसें नाजुक डोर से लटकी हुई थीं ?

(ix) मास्टर साहब का व्यक्तित्व कैसा था ?

(x) स्पोर्ट्स का मैदान कैसा था ?

(xi) पंचगंगा घाट पर किसका मंदिर है ?

(xii) धूमकेतु की पूंछ से क्या तात्पर्य है ?

(xiii) संगीत शास्त्र के अंतर्गत शहनाई को किस वाद्य में गिना जाता है ?

(xiv) 'कॉमेट' किसे कहते हैं ?

(xv) 'बिस्मिल्ला खाँ मिली-जुली संस्कृति के प्रतीक थे' — इस वाक्य को प्रश्नवाचक वाक्य में परिवर्तित कीजिए।

(xvi) वह दौड़कर नहीं जा सका — वाक्य भेद बताएँ।

(xvii) कर्म कारक किसे कहते हैं ?

(xviii) संप्रदान कारक की परिभाषा सोदाहरण लिखें।

(xix) तत्पुरुष समास की परिभाषा सोदाहरण लिखें।

(xx) 'संयुक्त वाक्य' की परिभाषा सोदाहरण लिखें।

(xxi) कर्तृ वाच्य की परिभाषा सोदाहरण लिखें।

(xxii) अव्ययीभाव समास की परिभाषा सोदाहरण लिखें।

(xxiii) अपादान कारक की परिभाषा सोदाहरण लिखें।





3. प्रत्येक खण्ड से **एक-एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए। (अनधिक 60 शब्दों में) 3×2=6

**खण्ड 'क'**

(i) ''विपदाओं से मुझे बचाओ, यह मेरी प्रार्थना नहीं
केवल इतना हो करुणामय
कभी न विपदा में पाऊँ भय।''

(क) रचना का नाम लिखें।

(ख) प्रस्तुत पंक्तियों का भावार्थ लिखें। 1+2=3

(ii) ''ढहती भीत पुरानी छाजन, पकी फसल तो खड़े महाजन,
गिरवी गहना छुड़ा न पाती, मन मसोस फिर-फिर रह जाती।''

(क) प्रस्तुत पद्यांश के रचनाकार का नाम लिखें।

(ख) प्रस्तुत पद्यांश की व्याख्या करें। 1+2=3

**खण्ड 'ख'**

(i) ''यह बात नहीं कि उनकी जीभ चलती ही नहीं, चलती हैं पर मीठी छुरी की तरह महीन मार करती हैं।''

(क) पंक्ति के रचनाकार का नाम लिखें।

(ख) कथन का आशय स्पष्ट करें। 1+2=3

(ii) "उसने फैसला किया कि मुहब्बत का यह तोहफा चोरी से नहीं जाएगा।"

(क) किसने फैसला किया ?

(ख) प्रस्तुत गद्यांश का आशय स्पष्ट करें। 1+2=3

4. प्रत्येक खण्ड से **एक-एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए। (अनधिक 150-200 शब्दों में) 5×3=15
4×1=4

**खण्ड 'क'**

(i) 'मनुष्य और सर्प' पाठ के आधार पर कवि की भावनाओं को स्पष्ट करें। 5

(ii) 'रामदास' कविता का मूल भाव लिखें। 5

**खण्ड 'ख'**

(i) 'धावक' कहानी के आधार पर भम्बल दा का चरित्र-चित्रण करें। 5

(ii) 'उसने कहा था' लहना सिंह के प्रेम के बलिदान की कहानी है — समीक्षा करें। 5

**खण्ड 'ग'**

(i) प्राचीन काल में धूमकेतु के बारे में क्या धारणा थी ? स्पष्ट करें। 5

(ii) मुहर्रम से बिस्मिल्ला खाँ के लगाव को अपने शब्दों में लिखें। 5





**खण्ड 'घ'**

(i) 'दीपदान' एकांकी के आधार पर सोना का चरित्र-चित्रण करें। 4

(ii) पन्ना चन्दन को उदय सिंह के शय्या पर सुलाकर क्या प्रमाण देना चाहती थी ? स्पष्ट करें। 4

5. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (अनधिक 150 शब्दों में) 5×2=10

(i) 'तीसरी कसम' कहानी के शीर्षक पर विचार प्रकट करें। 5

(ii) 'कर्मनाशा की हार' कहानी के आधार पर भैरों पाण्डे का चरित्र-चित्रण करें। 5

(iii) 'जाँच अभी जारी है' कहानी के शीर्षक पर विचार प्रकट करें। 5

6. किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए। (अधिकतम 400 शब्दों में) 10×1=10

(i) छात्र जीवन में राजनीति

(ii) पुस्तक की आत्मकथा

(iii) जीवन में खेल का महत्त्व

(iv) प्रदूषण : समस्या और समाधान

7. हिन्दी में अनुवाद कीजिए । 4

With education, the girl child will grow up and be a better mother. She will be better able to understand the importance of her own children. Because being educated, she will be better able to guide the children.

8. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए । (अधिकतम 150 शब्दों में) 5×1=5

(क) आतंकवाद पर दो मित्रों के बीच संवाद लिखें ।

(ख) बढ़ती महँगाई के बारें में दो मित्रों के बीच संवाद लिखें ।

## (बाह्य परीक्षार्थियों के लिए)

## (For External Candidates)

9. किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (अधिकतम 20 शब्दों में) 1×4=4

(i) रैदास के अनुसार ईश्वर का वास कहाँ है ?

(ii) सहसा अँधेरा क्यों छा गया ?

(iii) हजारा सिंह अपने रेजिमेंट में किस पद पर थे ?





(iv) पंचगंगा घाट पर किसका मंदिर है ?

(v) वराहमिहिर कौन थे ?

10. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (अधिकतम 60 शब्दों में) 3×2=6

(i) वैसे तो भारी-भरकम चीजों से मुझको डर लगता है, लेकिन वह मिल ही गया तो मैंने उसे प्यार से देखा।

(क) रचनाकार का नाम लिखें ।

(ख) किसने किसे प्यार से देखा ?

(ii) उसमें एक अनोखी खूबी थी ।

(क) रचना का नाम लिखें ।

(ख) पंक्ति में निहित आशय स्पष्ट करें।

(iii) ''चलता हूँ बेटे ।''

(क) वक्ता कौन हैं ?

(ख) वक्ता के कथन का आशय स्पष्ट करें।